Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 27-02-2006
Participants : Danve Shri Raosaheb Patil

Title : Regarding the need to take measures to check circulation of counterfeit currency in the country.

श्री दानवे रावसाहेब पाटील (जालना) : अध्यक्ष महोदय, मैं गृहमंत्री जी का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि देश भर में जाली नोटों का कारोबार बढ रहा है और इसके पीछे एक बड़े गिरोह का हाथ है। महाराट्र में जालना जिले के अंदर 500 रूपये के जाली नोट छापने वाले लोग पकड़े गये हैं। इस गिरोह के सदस्य ग्रामीण इलाकों तक पहुंच चुके हैं।

मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि यह बात देश की अर्थव्यवस्था पर बड़ा गहरा असर डाल सकती है और आने वाले समय में देश के सामने बड़ा संकट हो सकता है।

मैं माननीय मंत्री जी से विनती करता हूं कि इसे जड़ से मिटाने हेतु निर्देश दिए जाए और देश को इस गहरे संकट से बचाया जाये।